

## न्यू जीलैंड के गेंदबाज वेगनर ने पकड़ा शानदार कैच, वॉर्नर लौटे पविलियन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यू जीलैंड के नील वेगनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले जा रहे सीरीज के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन डेविड वॉर्नर का शानदार कैच पकड़ा। चाय काल से पहले बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपनी ही बोलिंग पर बेहतरीन रिटर्न कैच पकड़कर खूब वाहवाही बटोरी। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दिन–रात के इस टेस्ट मैच में शानदार फॉर्म में चल रहे वॉर्नर एक बार फिर बड़ी पारी की ओर बढ़ते नजर आ रहे थे। अंतराल से पहले ऑस्ट्रेलिया सिर्फ जो बर्न्स का विकेट खोकर मजबूत नजर आ रही थी। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद तिहरा शतक लगाने के बाद बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वॉर्नर एक बार फिर रंग में दिख रहे थे। वह 43 रन बनाकर बैटिंग कर रहे थे जब उन्होंने वेगनर की ओवर द विकेट फुल टॉस पर तेज शॉट खेला। वेगनर ने दाईं ओर छलांग लगाते हुए जमीन से कुछ ऊपर ही कैच लपक लिया। पहले सेशन के समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 76 रन था। एशेज सीरीज में वॉर्नर का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। उन्होंने 10 पारियों में सिर्फ 95 रन बनाए थे। इसके बाद वह लगातार अच्छी फॉर्म में थे।

# सानिया मिर्जा की बहन की शादी अजहरुद्दीन के बेटे असदुद्दीन से हुई


## सानिया मिर्जा ने शादी के दूसरे फंक्शन की तस्वीरें शेयर की

**शादी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद। मशहूर टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा की बहन अनम मिर्जा का आज हैदराबाद में धूमधाम से निकाह हुआ। अनम ने पूर्व क्रिकेट कप्तान अजहरुद्दीन के बेटे असदुद्दीन से शादी की है। शादी के बाद की तस्वीरें खुद अनम मिर्जा ने अपने सोशल मीडिया अकांउट्स पर शेयर की हैं। इससे पहले अनम के शादी की हल्दी और संगीत फंक्शन भी धूमधाम से हुआ जिसमें बॉलिवुड जगत की कई हस्ती शामिल हुए। जल्द ही दोनों की शादी का रिसेप्शन भी किया जाएगा।

**इंस्टाग्राम पर अनम ने शेयर की तस्वीरें:** अनम मिर्जा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों के साथ लिखा श्ङत ंदक डतेश। बता दें कि अनम पेशे से डिजाइनर हैं और उन्हें कई बार अपनी बहन



सानिया के साथ देखा गया है। कई टीवी इंटरव्यू में सानिया बता चुकी हैं उनके ज्यादातर कपड़े अनम ही डिजाइन करती हैं। असदुद्दीन बतौर क्रिकेटर कुछ खास नहीं कर सके और अब वह बिजनस करते हैं।

**तेलंगाना के सीएम को न्योता दिया था सानिया-अजहर ने:** इससे पहले शादी में शामिल होने का न्योता देने के लिए खुद सानिया मिर्जा और अजहरुद्दीन तेलंगाना के सीएम केसीआर से मिले थे।

दोनों ने सीएम को कार्ड भेंट कर शादी में आने का न्योता दिया था। इस शादी में सानिया और अजहरुद्दीन का पूरा परिवार शामिल हुआ। असदुद्दीन अजहर की पहली पत्नी नूरीन के बेटे हैं।

**सानिया ने सोशल मीडिया पर शेयर की तस्वीरें:** शादी के फंक्शन से जुड़ी कई तस्वीरें सानिया मिर्जा ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर की हैं।

बता दें कि अनम की यह दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने अकबर रशीद से विवाह किया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद उनके रिश्ते में दरार आ गई शादी के एक साल बाद ही दोनों का तलाक हो गया था।

**शादी के फंक्शन हैदराबाद में, खुश दिखा सानिया का परिवार** शादी के सभी फंक्शन हैदराबाद में हुए। ब्राइडल शॉवर के साथ फंक्शन की शुरुआत हुई।

बहन की शादी के मौके पर उत्साहित सानिया मिर्जा ने कई तस्वीरें शेयर कीं। शादी के फंक्शन में सानिया का नन्हा शहजादा भी खूब खुश नजर आया।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी के लिए गांगुली ने टीम इंडिया को सराहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ बुधवार को संपन्न टी20 सीरीज में बेखौफ बल्लेबाजी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना की।

भारत ने तीसरा टी20 मैच 67 रन से जीतकर 3 मैचों की सीरीज 2–1 से अपने नाम की। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान गांगुली ने ट्वीट किया, 'कइयों ने सोचा होगा कि भारत ही सीरीज जीतेगा। जीत हैरानी की बात नहीं है। काबिले तारीफ है कि भारत ने जिस तरह से निर्भीक होकर बल्लेबाजी की। कोई टीम में अपनी जगह के लिए नहीं

### सभी जीत के इरादे से खेल रहे थेः गांगुली

खेल रहा था, सभी जीत के इरादे से खेल रहे थे। शाबास भारत।'

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी20 मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 3 विकेट पर 240 रनों का स्कोर बनाया और उसके बाद मेहमान टीम को 8 विकेट पर 173 रनों पर रोक दिया। वेस्ट इंडीज की ओर से कायरन पोलार्ड ने सबसे ज्यादा 68 रन बनाए। वहीं शिमरॉन हेटमायर ने 24 गेंदों पर 41 रनों की पारी खेली। इसके बाद अब दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसकी शुरुआत 15 दिसंबर से होगी।

**राहुल बोले, अच्छा रहा सबक** भारतीय ओपनर लोकेश राहुल का मानना है कि तीसरे टी20 में मिली जीत से बड़े स्कोर बनाने के लिए अच्छी सीख मिली जो उनकी टीम लगातार नहीं कर पा रही थी।

मुंबई में 91 रन की पारी खेलने वाले राहुल ने कहा, 'हमें पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रदर्शन में सुधार की जरूरत थी। कई बार हम शुरू ही से 200 रन बनाने की सोचकर उतरते हैं। टी20 में कोई भी स्कोर काफी नहीं है। हर बार लगता है कि 10–15 रन कम हैं। हमारे लिए अच्छा सबक रहा। उम्मीद है कि आगे भी ऐसा कर सकेंगे।' राहुल ने स्वीकार किया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए काफी दबाव रहता है और अतीत में टीम नाकाम रही है।

## ...तो गुलाबी गेंद टेस्ट खेलने के लिए मनाना आसानः सीए सीईओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी केविन रॉबर्ट्स का मानना है कि विराट कोहली की टीम का अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचना तय है तो उसे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलने के लिए मनाना आसान होगा। भारतीय टीम ने पिछली बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दिन रात का टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया था लेकिन पिछले महीने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली की पहल पर बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने गुलाबी गेंद से पहला टेस्ट खेला। रॉबर्ट्स ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, 'मेरा मानना है कि भारत के खिलाफ अगले साल हम गुलाबी गेंद से एक टेस्ट खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है और उसका 2021 में फाइनल खेलना तय लग रहा है।' उन्होंने कहा, 'इसी वजह से अगले सत्र में दिन रात के टेस्ट के लिए उन्हें मनाना आसान होगा। भारत का अगर टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलना तय है तो दिन रात का टेस्ट खेलने से इनकार का कोई कारण नहीं दिखता।' भारतीय टीम चैंपियनशिप में सात टेस्ट में 360 अंक लेकर शीर्ष पर है और उसका फाइनल खेलना तय लग रहा है ।

## न्यूज डायरी




### राहुल का जलवा, विराट कोहली की टॉप–10 में एंट्री, रोहित शर्मा फिसले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारत के कप्तान विराट कोहली और लोकेश राहुल को गुरुवार को जारी ताजा आईसीसी टी–20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। इन दोनों ने विंडीज के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की सीरीज के आखिरी टी–20 मैच में दमदार पारियां खेली थी जिनके दम पर भारत ने सीरीज 2–1 से अपने नाम की। ताजा रैंकिंग में राहुल तीन स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर आ गए हैं जबकि कोहली पांच स्थान आगे बढ़ते हुए शीर्ष–10 में शामिल हो गए हैं। राहुल ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टी–20 मैच में 56 गेंदों पर 91 रन बनाए थे। इसी पारी के कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस सरीज के तीन मैचों में राहुल ने कुल 164 रन बनाए। कोहली ने कुल 183 रन बनाए और टीम को 2–1 से सीरीज जिताने में मदद की। इसी कारण वह प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। रोहित पहले दो मैचों में नाकाम रहे थे, लेकिन अंतिम मैच में उन्होंने भी दमदार पारी खेल 71 रन बनाए।

### राहुल ने हार्दिक से कहा, 'हमें आपकी वापसी का इंतजार'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीसरे टी 20 मैच में 91 रन की पारी खेलने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा है कि टीम हार्दिक पंड्या की वापसी का इंतजार कर रही है। भारत ने बुधवार को वेस्ट इंडीज को 67 रनों से हराकर तीन मैचों की टी 20 सीरीज 2 1 से जीत ली। मैच के बाद राहुल और हार्दिक मैदान पर एक–दूसरे से बातचीत कर रहे हैं। राहुल हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक के सवालों का जवाब दे रहे हैं। बीसीसीआई ने ट्विटर पर दोनों के बीच हुए बातचीत का विडियो पोस्ट किया है। राहुल ने कहा, 'हम आपकी जल्द वापसी का इंतजार कर रहे हैं। आपके बिना ड्रेसिंग रूम खाली है, खासकर मेरे लिए। आप और जसप्रीत बुमराह टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। उम्मीद है कि आप दोनों चोट से उबरकर जल्द ही वापसी करेंगे।'

### ओलंपिक से पहले फोकस फिटनेस और रिकवरी परः रानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक की तैयारी के तहत उनकी टीम शीर्ष टीमों के खिलाफ अच्छे मैच खेलना चाहती है और उनका फोकस फिटनेस और रिकवरी पर रहेगा । भारतीय टीम बेंगलुरू में राष्ट्रीय शिविर में भाग ले रही है जो 15 दिसंबर तक चलेगा । क्रिसमस और नववर्ष पर तीन सप्ताह के ब्रेक के बाद टीम पांच जनवरी को फिर एकजुट होकर न्यूजीलैंड दौरे की तैयारी करेगी । रानी ने कहा ,'' हमारा फोकस फिटनेस और रिकवरी पर रहेगा । ओलंपिक से पहले हम शीर्ष टीमों के खिलाफ अच्छे मैच खेलना चाहते हैं । हमें अपने शरीर के साथ दिमाग पर भी फोकस करना होगा ।'' उन्होंने कहा ,'' हमें सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा । तोक्यो में ओलंपिक के समय के मौसम को देखते हुए मेरा मानना है कि फिटनेस की भूमिका अहम होगी ।''

### भारतीय शतरंज का भविष्य उज्ज्वलः आनंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने गुरुवार को कहा कि भारतीय शतरंज का भविष्य उज्ज्वल है और कुछ खिलाड़ी फिडे रैंकिंग में जल्द ही शीर्ष दस में जगह बनाएंगे। आनंद अभी फिडे रैंकिंग में 15वें स्थान पर हैं और उनको लगता है पी हरिकृष्णा और विदित गुजराती जैसे खिलाड़ी आगामी वर्षों में शीर्ष दस में जगह बना सकते हैं। उन्होंने पीटीआई से कहा, ''मुझे लगता है कि हरि (हरिकृष्णा), विदित, सूर्या (शेखर गांगुली), शशि (के शशिकिरण) भविष्य के स्टार हैं। जल्द ही भारत से कोई खिलाड़ी शीर्ष दस में जगह बनाएगा। भारत में शतरंज का भविष्य उज्ज्वल दिखता है क्योंकि हमारे यहां काफी प्रतिभा है। '' आनंद ने कहा, ''हमारे पास प्रगु (आर प्रगानंदा), निहाल सरीन, डी गुकेश, रौनक साधवानी जैसे खिलाड़ी हैं। भारतीय शतरंज के लिये चीजें अच्छी दिखी रही है। '' कारुआना और डिंग ने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया है।